हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 4 जुलाई 2026

06 घेरा डालो-डेरा डालोः 2 हजार ट्रैक्टरों के साथ 5 हजार...



07 दत्तक पुत्र से मुक्त हुआ पीएम आवास, बेघर हुए...





## खबर संक्षेप

### अमरगढ़, कालियादेव एवं दिगंबर वाटरफॉल पर आवागमन प्रतिबंधित

**सीहोर।** वर्षा ऋतु के दौरान संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नागरिकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर बुधनी के अमरगढ़ वॉटरफॉल, दिगंबर वॉटरफॉल एवं इछावर के कालियादेव वॉटरफॉल पर आम नागरिकों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश 01 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक प्रभावशील रहेगा। जारी आदेशानुसार वर्षा ऋतु के दौरान इन प्राकृतिक जलप्रपातों पर जलस्तर में अचानक वृद्धि, तेज बहाव, फिसलन एवं अन्य प्राकृतिक जोखिमों के कारण जनहानि की आशंका बनी रहती है। ऐसी परिस्थितियों में किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को देखते हुए यह प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध अवधि के दौरान किसी भी व्यक्ति को अमरगढ़, कालियादेव एवं दिगंबर वॉटरफॉल क्षेत्र में प्रवेश, भ्रमण, स्नान, सेल्फी लेने अथवा अन्य गतिविधियां करने की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही इन स्थानों पर वाहन भी प्रतिबंधित रहेंगे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रतिबंध का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग एवं चेतावनी संबंधी सूचना बोर्ड लगाए जाएं। कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों एवं पर्यटकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रतिबंधित स्थलों पर जाने से बचें तथा प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

### ओवरनाइट एक्सप्रेस के स्टॉपेज शुभारंभ के दौरान लापरवाही का वीडियो वायरल

# जनता पटरी पार करे तो जुर्माना, खुद स्टेशन मास्टर कूदकर पार कर रहे ट्रैक

ओवरनाइट एक्सप्रेस के स्टॉपेज शुभारंभ के दौरान बड़ी लापरवाही, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद उठे सवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जो जिम्मेदार हैं, वही जब नियमों की धज्जियां उड़ाने लगें तो व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। कुछ ऐसा ही नजारा गुरुवार की देर रात सीहोर रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला। मौका था लंबे इंतजार के बाद इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस के सीहोर स्टेशन पर पुनः स्टॉपेज के शुभारंभ का। एक तरफ जहां सांसद और विधायक ट्रेन को हरी झंडी दिखा रहे थे, वहीं दूसरी तरफ स्टेशन के सबसे बड़े जिम्मेदार अधिकारी स्टेशन मास्टर खुद जान जोखिम में डालकर रेलवे की पटरियां लांघते नजर आए।

#### सुरक्षा नियम ताक पर

अब इस लापरवाही का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बता दें गुरुवार रात जब स्टेशन पर उत्सव का माहौल था, तब सीहोर के स्टेशन मास्टर जयशंकर मिश्रा अपने कुछ अधीनस्थ रेल कर्मियों के साथ सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर लापरवाही पूर्वक रेल पटरियां पार करते हुए दिखाई दिए। उन्होंने प्लेटफॉर्म नंबर 1 से प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर जाने के लिए स्टेशन पर बने फुट ओवर ब्रिज का उपयोग करना मुनासिब नहीं समझा और सीधे रेलवे ट्रैक कूदकर पार कर गए।

#### मोबाइल में कैद हुई पूरी लापरवाही

स्टेशन मास्टर के पटरी करते हुए यह पूरी घटना वहां मौजूद किसी शख्स ने अपने कैमरे में कैद कर ली। वीडियो वायरल होने के बाद लोग रेलवे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। आम जनता का कहना है कि यदि कोई साधारण नागरिक इस तरह ट्रैक पार करता है तो आरपीएफ और रेलवे प्रशासन उस पर भारी जुर्माना ठोक देता है या जेल भेज देता है, लेकिन जब खुद नियम बनाने और उनका पालन कराने वाले अफसर ही ऐसा करेंगे तो आम जनता को क्या संदेश जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल संसदीय क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा और विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए। दोनों नेताओं ने इंदौर से पहुंची ओवरनाइट एक्सप्रेस के लोको पायलट को ग्रीन लाइट हरी टॉर्च दिखाकर रवाना किया। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे क्षेत्र के विकास और व्यापारियों-छात्रों के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए जश्न मनाया।

#### कांग्रेस बोली- जो ट्रेन पहले से रुकती थी, उस पर इतना ढोल क्यों

इस उत्सव पर तंज कसते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसे महज एक राजनीतिक दिखावा बताया। उन्होंने सवाल उठाया जिस ट्रेन का स्टॉपेज कोविड काल तक पहले से ही यहां था्र उसे दोबारा शुरू करवाने पर इतना ड्रामा और उत्सव क्यों। आज भी सीहोर स्टेशन से दर्जन भर से अधिक महत्वपूर्ण ट्रेनें बिना रुके मुंह चिढ़ाते हुए निकल जाती हैं। भाजपा नेता उन्हें रुकवाने के लिए प्रयास क्यों नहीं करते, जनता को गुमराह किया जा रहा है।



#### ट्रेन का नया शेड्यूल

पश्चिम मध्य रेल प्रशासन के अनुसार इंदौर-जबलपुर-इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस का यह ठहराव अभी प्रायोगिक तौर पर शुरू किया गया है, जो 2 जुलाई से प्रभावी हो गया है। स्टेशन पर ट्रेन का 2 मिनट का स्टॉपेज रहेगा। इंदौर से जबलपुर जाते समय यह ट्रेन प्रतिदिन रात 10.26 बजे सीहोर पहुंचेगी और 10.28 बजे रवाना होगी। वहीं जबलपुर से इंदौर आते समय प्रतिदिन सुबह 06.08 बजे सीहोर स्टेशन आएगी और 06.10 बजे आगे प्रस्थान करेगी।

# तड़पते मरीजों को छोड़ एम्बुलेंस बनी 'सवारी गाड़ी'

### एंबुलेंस ड्राइवर स्कूली बच्चे ढो रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

सरकार की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजनाएं और मरीजों की जान बचाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर दौड़ाई जा रही सरकारी एम्बुलेंस अब मरीजों के लिए नहीं, बल्कि ड्राइवरों की एक्स्ट्रा कमाई का जरिया बन चुकी हैं। इछावर क्षेत्र से एक ऐसा ही शर्मनाक और हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जिसने पूरे जिले के स्वास्थ्य महकमे की पोल खोलकर रख दी है।

जिस एम्बुलेंस को मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जिंदगी बचानी चाहिए, उस गाड़ी में अब मरीजों की जगह सवारियां और स्कूली बच्चे सफर कर रहे हैं!

#### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

इछावर में एम्बुलेंस ड्राइवरों की इस मनमानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे एम्बुलेंस का उपयोग मरीजों को लाने के बजाय स्कूली बच्चों और आम सवारियों को ढोने के लिए किया जा रहा है। इतना ही नहीं, ये ड्राइवर सरकारी डीजल फूंककर अपनी गाड़ियों को अनावश्यक इधर-उधर घुमाते हैं, ताकि मीटर की रीडिंग बढ़ाई जा सके और जमकर फर्जीवाड़ा किया जा सके।

#### मरीज इंतजार में, ढाबों पर सजती है महफिल

क्षेत्र की जनता का आरोप है कि जब भी कोई गंभीर मरीज एम्बुलेंस के लिए फोन करता है, तो उन्हें 3 से 4 घंटे तक गाड़ी उपलब्ध नहीं होने का बहाना बना दिया जाता है। मरीज अस्पताल जाने के लिए तड़पता रहता है, लेकिन ये एम्बुलेंस किसी मरीज के घर के बाहर नहीं, बल्कि क्षेत्र के ढाबों, होटलों या निजी आयोजनों के बाहर कतार में खड़ी दिखाई देती हैं। एक-एक आयोजन स्थल पर तीन-तीन, चार-चार एम्बुलेंस का खड़ा होना इस बात का सबूत है कि इन्हें न तो किसी नियम का खौफ है और न ही किसी की जान की परवाह। बड़ा सवाल है कि क्या सीहोर का स्वास्थ्य विभाग और जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे गोरखधंधे से अनजान हैं? या फिर आंखें मूंदकर इस लापरवाही को शह दी जा रही है? मरीजों के हक की एम्बुलेंस से निजी काम करने वाले इन ड्राइवरों पर कब तक कार्रवाई होगी, यह देखने वाली बात होगी।

# करोड़ों की बिल्डिंग शुरुआती बारिश में ही बीमार जिला अस्पताल के आईसीयू में टपक रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में मानसून ने रफ्तार क्या पकड़ी, स्वास्थ्य विभाग के दावों और करोड़ों रुपये की लागत से बनी अस्पताल की नई बिल्डिंग की पोल खुलकर सामने आ गई। जिला अस्पताल का सबसे अति संवेदनशील माना जाने वाला आईसीयू वार्ड खुद वेंटीलेटर पर नजर आ रहा है। शुरुआती बरसात में ही अस्पताल की छत जवाब दे गया। गंभीर मरीजों को राहत मिलने की बजाय बेड के ठीक ऊपर पानी टपक रहा है, जिससे संक्रमण और शॉर्ट सर्किट का बड़ा खतरा मंडराने लगा है।

#### एसी से हवा नहीं, बरस रहा पानी

शुक्रवार को झमाझम बारिश के दौरान जिला अस्पताल के आईसीयू का एसी पूरी तरह फेल हो गया है। हैरानी की बात यह है कि गंभीर मरीजों को ठंडी हवा देने वाले एसी से अब लगातार बरसात का पानी रिस रहा है, जबकि वार्ड में वेंटिलेटर और मॉनिटर पर रखे गए अति गंभीर मरीज भर्ती हैं। बेड के ठीक ऊपर पानी टपकने के कारण मरीज और उनके परिजन खुद को बचाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या की शिकायत ड्यूटी स्टाफ और



अस्पताल प्रबंधन से की गई, लेकिन किसी ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

#### करंट फैलने का खतरा

आईसीयू वार्ड में जीवन रक्षक मशीनें और लाइफ सपोर्ट सिस्टम चौबीसों घंटे चालू रहते हैं, जो पूरी तरह बिजली से चलते हैं। छत और पाइपलाइन से लगातार पानी रिसने के कारण दीवारों में भारी सीलन आ चुकी है। पानी सीधे बिजली के पॉइंट और मशीनों के आसपास गिर रहा है, जिससे किसी भी वक्त शॉर्ट सर्किट होने या पूरी दीवार में करंट फैलने का बड़ा हादसा हो सकता है।



#### अब तक 9 इंच से ज्यादा बारिश

एक तरफ जहां अस्पताल की व्यवस्थाएं चरमराई हैं, वहीं दूसरी तरफ जिले में बारिश का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। भू अभिलेख विभाग के अनुसार 3 जुलाई को जिले में औसतन 1.25 इंच बारिश दर्ज की गई। वहीं 1 जून से अब तक जिले में कुल 9.08 इंच औसत वर्षा हो चुकी है। बीते 24 घंटे की बात करें तो जावर में 2.81, आष्टा में 2.32 इंच, भैंरुदा 2.20 इंच, श्यामपुर 1.18 इंच, इछावर 0.87 इंच और सीहोर मुख्यालय पर 0.35 इंच बारिश दर्ज की गई। आंकड़ों की तुलना करें तो साल 2025 में 3 जुलाई तक जिले में 8.74 इंच बारिश हुई थी, जबकि इस वर्ष यह आंकड़ा बढक़र 9.08 इंच पहुंच गया है।

### दिव्यांग मतदाताओं के नाम सूची में जुड़वाएं

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश ने दिव्यांग मतदाताओं के मताधिकार के दृष्टिगत आयोग द्वारा मतदान केन्द्रों में बुनियादी न्यूनतम सुविधाओं को सुदृढ़ बनाया गया है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, रैंप, बड़े अक्षरों में साइनेज, टोकन सिस्टम, बैठने की सुगम व्यवस्था, पीने का पानी, दिव्यागजनों के लिए अनुकूल शौचालय इत्यादि की व्यवस्था गई है। ही दिव्यांगजन अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सके साथ ही यह भी पता लगा सके, इसके लिए एप की सुविधा प्रदान की गई है। यह मोबाइल एप्लीकेशन ऐप है। दिव्यांग मतदाता द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप/एनव्हीएसपी पोर्टल के माध्यम से अपनी दिव्यांगता की स्थिति को अद्यतन कर सकता है। चुनाव से पूर्व दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान अधिकारियों, पुलिस कर्मियों और गैर सरकारी संगठनों इत्यादि को दिव्यांगजनों से सम्मानपूर्वक सुलभ बनाने के लिये प्रशिक्षण दिए जाने की भी व्यवस्था की गई है।

# ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर द्वारा पैगंबर हज़रत मुहम्मद के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली नाज़िया इलाही खान के खिलाफ उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद असदुद्दीन ओवैसी बैरिस्टर और प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान के निर्देश पर जिला पदाधिकारी सैय्यद शाकीर अली, अयान कुरैशी, आबिदी कुरेशी,अजमत पठान, आबीद मनमुरी,शेख शुकमान, अदनान, सलमान, लतीफ खान, दिलावर, रियाज,असलम, अकरम इकराम सहित सीहोर,आष्टा , इछावर,



बुधनी, कालापीपल, श्यामपुर, दोराहा अहमदपुर, कुरावर जावर के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने नाज़िया इलाही खान द्वारा पैगंबर हज़रत मुहम्मद के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर आपत्ति जताते हुए कहा आपत्तिजनक शब्दों के साथ सम्पूर्ण भारत वर्ष में उक्त वीडियो को देखा गया है जिससे देश में जानबूझकर दंगा भड़काने और उपद्रव करने के इरादे से मुस्लिम समुदाय एवं भारत में सभी जाति धर्म के लोगों को उक्साने के लिए वीडियो बनाया गया है उक्त वीडियो अन्य साक्ष्यों के परीक्षण में कथन सही पाए जाते हैं, तो ऐसे कथित बोल से देश में रहने वाले करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। जिससे सामाजिक सौहार्द, शांति, कानून-व्यवस्था और आपसी भाईचारे पर प्रतिकूल प्रभाव डालने की कोशिश की गयी है साथ ही, इस प्रकार के विवादित वक्तव्यों के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की छवि एवं प्रतिष्ठा धुमिल हो रही है।

### सीहोर-भोपाल का सफर होगा आसान, 15 से दौड़ेंगी ई-बसें, महज 2 रुपए में होगी यात्रा

# चलो एप से बुक होगा टिकट, मोबाइल पर मिलेगी लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर से राजधानी भोपाल और उसके आसपास के इलाकों में रोजाना सफर करने वाले हजारों नौकरीपेशा, छात्रों और आम लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब से ठीक 11 दिन बाद यानी 15 जुलाई से सीहोर और भोपाल के बीच का सफर न केवल सुलभ और आरामदायक होने जा रहा है, बल्कि यह जेब पर भी भारी नहीं पड़ेगा। भोपाल नगर निगम सीमा से शहर और उसके आसपास के 10 प्रमुख रूटों पर 20 नई इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू होने जा रहा है।

राहत की बात यह है कि ये सभी अत्याधुनिक पर्यावरण अनुकूल बसें 4 जुलाई तक भोपाल पहुंच जाएंगी, जिसके बाद इनके ट्रायल और रूट मैनेजमेंट की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। बता दें रोजाना हजारों की संख्या में लोग सीहोर शहर से भोपाल अपनी नौकरी, पढ़ाई या अन्य कामों के सिलसिले में आते-जाते हैं।

वर्तमान में उन्हें बसों के लंबे इंतजार और महंगे किराए से जूझना पड़ता है। नई ई-बस सेवा शुरू होने से शहरवासियों को सस्ती परिवहन सेवा मिलेगी। इससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।



#### सीहोर-रातापानी का सबसे लंबा रूट

इस सेवा का सबसे लंबा रूट सीहोर से है। ई-बस सीहोर से शुरू होकर फंदा, चिरायु अस्पताल, बैरागढ़, कलेक्ट्रेट, हमीदिया अस्पताल, रोशनपुरा, वल्लभ भवन, बोर्ड ऑफिस, चूना भट्टी, मंदाकिनी चौराहा, बीमा कुंज और कजलीखेड़ा होते हुए रातापानी तक जाएगी। इससे सीहोर के लोग भोपाल के मुख्य अस्पतालों, सरकारी दफ्तरों और बाजारों तक सीधे पहुंच सकेंगे। जबकि दूसरी बस सेवा सीहोर-कटारा बायपास तिराहा 53 किमी का रहेगा, यह रूट सीहोर को भोपाल के दूसरे छोर से जोड़ेगा, वहीं तीसरी बिलखिरिया-सीहोर रहेगी।

#### 2 रुपए में 1.5 किलोमीटर का सफर

इन ई-बसों का किराया आम जनता की जेब को ध्यान में रखकर बेहद राहत भरा रखा गया है। यात्री महज 2 रुपये में 1.5 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकेंगे। इससे ऑटो और अन्य निजी वाहनों के मुकाबले यात्रा खर्च में भारी कटौती होगी।

#### एप पर दिखेगी लाइव लोकेशन

इन आधुनिक बसों में सफर करने वाले यात्रियों को बस स्टॉप पर खड़े होकर घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यात्री चलो मोबाइल ऐप के जरिए न सिर्फ अपनी टिकट एडवांस में बुक कर सकेंगे, बल्कि ऐप पर बसों की लाइव लोकेशन भी देख सकेंगे। इससे समय की भारी बचत होगी।

#### भविष्य में और मिलेंगी बसें

बताया जा रहा है कि इस साल के अंत तक राजधानी भोपाल शहर और आस-पास के क्षेत्रों को कुल 100 ई-बसें मिल जाएंगी। वहीं अगले वर्ष इसमें 140 और बसें जोड़ी जाएंगी। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में सीहोर से भोपाल के अन्य रूटों के लिए भी अन्य बसें मिलेंगी, जिससे सीहोर-भोपाल के बीच का सफर और भी आसान हो सकेगा।

# 15 जुलाई को सीहोर से जत्था करेगा खाटू श्याम की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जब स्वयं बाबा श्याम का बुलावा आता है, तभी भक्तों को उनके दिव्य दरबार में शीश नवाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इसी पावन आस्था और अटूट श्रद्धा के साथ सीहोर नगर की धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी संस्था सीहोर सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में नगर के लगभग 55 श्याम प्रेमी आगामी 15 जुलाई (बुधवार) को पावन श्री खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए रवाना होंगे। श्रद्धालुओं का दल दोपहर 4:00 बजे सीहोर रेलवे स्टेशन से ₹जय श्री श्याम₹, ₹हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा₹ और ₹शीश के दानी की जय₹ के गगनभेदी जयघोष के साथ अपनी तीन दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा का शुभारंभ करेगा। सांस्कृतिक मंच के आशीष गुप्ता ने बताया कि खाटू धाम पहुंचने के उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा लगभग एक किलोमीटर लंबी भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। भक्तजन हाथों में पवित्र निशान लेकर भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ बाबा के दरबार में पहुँचेंगे तथा श्रद्धापूर्वक निशान अर्पित करेंगे। तीन दिवसीय यात्रा के दौरान विश्व प्रसिद्ध दाढ़ी वाले श्री सालासर बालाजी हनुमान के दरबार में भी हाजिरी लगाकर हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। साथ ही अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन का भी पुण्य लाभ मिलेगा। सीहोर सांस्कृतिक मंच ने नगरवासियों से अपील की है कि वे 15 जुलाई को सीहोर रेलवे स्टेशन पहुँचकर श्याम प्रेमियों का आत्मीय स्वागत एवं भावभीनी विदाई करें तथा ₹हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा₹ के जयघोष के साथ इस पावन आध्यात्मिक यात्रा सहभागी बनकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण



**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने ग्राम झरखेड़ा में मां की बगिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पौधरोपण, पौधों के संरक्षण, सिंचाई व्यवस्था एवं बगिया के समुचित रखरखाव की स्थिति देखी और रखरखाव करने वाली दीदियों से बगिया के बारे में जानकारी ली। सीईओ श्रीमती यादव ने पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा, ट्री गार्ड एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सीहोर बाइज ने 4-3 से आरएसआई को हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खिलाड़ियों को मंच देने के लिए हर साल की तरह इस साल भी स्व. कैलाश सारंग की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को जूनियर वर्ग के शानदार मुकाबले में सीहोर बाइज ने आरएसआई को 4-3 से हराया। इसके अलावा एक अन्य मैच में सीनियर वर्ग में सीहोर क्लब ने सीहोर एमजी क्लब को 5-3 के अंतर से हराया। गुरुवार की शाम को खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में सीहोर बाइज और आरएसआई के मध्य मैच खेला गया था। इस मैच में सीहोर बाइज की ओर से आदित्य ने 2 गोल, युवराज-प्रतीक ने 1-1 गोल किया। इधर आरएसआई की ओर से धुरव, गर्वित और सार्थक ने 1-1 गोल किया। इसके अलावा सीनियर वर्ग में सीहोर क्लब और सीहोर एमजी क्लब के मध्य एक तरफा मुकाबला खेला गया था, जिसमें सीहोर क्लब की ओर से धुरव ने 2 गोल, सुमन, पुष्प और विशाल ने 1-1 गोल किया। इधर एमजी क्लब की ओर से अयान ने 2 गोल, सोहल ने 1 गोल किया। एसोसिएशन के प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार को जूनियर वर्ग में एमजी क्लब-मिनी बाइज और दूसरा मैच सीनियर वर्ग में आरएसआई-सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला जाएगा।

## मूंग खरीदी को लेकर किसानों का हल्लाबोल: 6 जुलाई को करेंगे आंदोलन

# घेरा डालो-डेरा डालो: 2 हजार ट्रैक्टरों के साथ 5 हजार किसानों के जुटने का दावा

किसान स्वराज संगठन व किसान, गांव गांव जनसंपर्क कर किसानों को आंदोलन में शामिल होने पंपलेट बाटकर दे रहे सूचना।



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी को लेकर क्षेत्र के किसानों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकार द्वारा केवल 25 प्रतिशत खरीदी किए जाने के निर्णय के विरोध में अब किसान सड़क पर उतरने को तैयार हैं। किसान स्वराज संगठन के नेतृत्व में 6 जुलाई को भैरुंदा में 'घेरा डालो-डेरा डालो' आंदोलन किया जाएगा, जिसे लेकर गांव-गांव में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। संगठन ने दावा किया है कि इस आंदोलन में करीब 2 हजार ट्रैक्टर-वाहनों के साथ 5 हजार से अधिक किसान शामिल होंगे। संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता लगातार गांवों में पहुंचकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं। पंपलेट वितरण के माध्यम से किसानों को आंदोलन में बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया जा रहा है।

### 6 जुलाई को होगा आंदोलन

किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ रैली में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आंदोलन की शुरुआत 6 जुलाई को सुबह 11 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण भैरुंदा से होगी, जहां से ट्रैक्टर रैली निकालकर धरना प्रदर्शन और चक्काजाम किया जाएगा। किसानों का आरोप है कि सरकार ने मूंग खरीदी को सीमित कर केवल 25 प्रतिशत तक कर दिया है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। उनका कहना है कि पूर्व की तरह 100 प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित की जाए और प्रति एकड़ 6 क्विंटल की सीमा लागू की जाए। किसानों के अनुसार यह फैसला उनके आर्थिक हितों के खिलाफ है, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। आंदोलन को लेकर किसानों ने पूरी तैयारी कर ली है। वे ट्रैक्टर-ट्रॉली में राशन, गैस सिलेंडर, चूल्हा और तंबू लेकर पहुंचेंगे और अनिश्चितकालीन धरना देंगे। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

### परेशान हो रहे किसान

ससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि यह आंदोलन लंबा खिंच सकता है। इधर, मूंग खरीदी के लिए बनाए गए उपार्जन पोर्टल की व्यवस्था भी किसानों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। किसानों का कहना है कि ई-टोकन व्यवस्था पूरी तरह फेल साबित हो रही है। स्लॉट बुकिंग नहीं हो पा रही है, कई बार खरीदी केंद्र पोर्टल से गायब हो जाते हैं या क्षमता शून्य दिखती है। इस कारण किसान दिन-रात मोबाइल और कियोस्क सेंटर के चक्कर काट रहे हैं। कई किसान रातभर जागकर स्लॉट बुकिंग का प्रयास करते हैं, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिलती। किसान स्वराज संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। भोपाल की ओर बड़े आंदोलन करने की चेतावनी दी। आंदोलन के चलते 6 जुलाई को कृषि उपज मंडी भैरुंदा में नीलामी प्रक्रिया भी प्रभावित रहेगी। मंडी प्रशासन ने किसानों को इसकी सूचना दे दी है।



### ये है किसानों की प्रमुख मांगें

मूंग खरीदी नीति में संशोधन कर 100 प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित की जाए तथा प्रति एकड़ 6 क्विंटल का नियम लागू किया जाए। ई-टोकन व्यवस्था समाप्त की जाए और खाद (यूरिया, डीएपी) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। खरीफ सीजन में मक्का और सोयाबीन की एमएसपी पर खरीदी की ठोस योजना बनाई जाए। गोपालपुर सिंचाई परियोजना को शीघ्र पूरा किया जाए। इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन सहित अन्य भू-अर्जन में किसानों को चार गुना मुआवजा दिया जाए। किसान स्वराज संगठन के जिला अध्यक्ष भगवान यदुवंशी ने कहा कि यह आंदोलन किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने सभी मूंग उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि किसानों में आंदोलन को लेकर भारी उत्साह है और बड़ी संख्या में भागीदारी की उम्मीद है। संगठन का कहना है कि यह केवल मूंग खरीदी का मुद्दा नहीं, बल्कि किसानों के अधिकारों और सम्मान से जुड़ा विषय है। यदि समय रहते सरकार ने सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो यह आंदोलन प्रदेश स्तर पर भी फैल सकता है।

# धरती को हरा-भरा बनाने की पहल, किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

नगर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने की दिशा में नगर परिषद द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर और उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना के नेतृत्व में हनुमान मंदिर परिसर और थाना परिसर में वृहद वृक्षारोपण किया गया।

जानकारी के अनुसार, हनुमान मंदिर के पास चल रहे निर्माण कार्य के दौरान कुछ पौधों को हटाना पड़ा था। अब निर्माण कार्य पूरा होने के बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना के जन्मदिन (1 जुलाई) के अवसर पर पुनः पौधारोपण किया गया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मिलकर पौधे रोपे और नगर को हरियाली से सजाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पवार, जिला खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेंद्र परिहार, पार्षद प्रतिनिधि कैलाश धावरे, पार्षद ओमप्रकाश पवार, वार्ड पार्षद गौरव शर्मा, महेंद्र गोलू जाट, कपिल खंडेलवाल, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अमित मीना, नपा सीएमओ आर.पी. भावरे और थाना प्रभारी घनश्याम दांगी सहित नगर परिषद एवं थाना स्टाफ मौजूद रहा।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने रोपे गए पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। नगर परिषद की इस पहल की नगरवासियों ने सराहना की है।उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना ने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य पूरा होते ही हनुमान मंदिर परिसर में फिर से पौधारोपण किया गया है, ताकि हरियाली बनी रहे।

### कलेक्टर ने की गतिविधियों की समीक्षा की

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में नवीन शैक्षणिक सत्र की तैयारियों, विद्यार्थियों के नामांकन, विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय केवल अध्ययन का केंद्र ही नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम होना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यालयों में नियमित साफ-सफाई, पौधारोपण, परिसर का सौंदर्यीकरण तथा स्वच्छ एवं आकर्षक वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में ऐसा सकारात्मक माहौल विकसित किया जाए जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़े और वे आनंददायक वातावरण में सीख सकें।

### कलेक्टर ने की गतिविधियों की समीक्षा

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में नवीन शैक्षणिक सत्र की तैयारियों, विद्यार्थियों के नामांकन, विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# आईईएस पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आईईएस पब्लिक स्कूल सीहोर में विद्यार्थियों के बीच सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सिहोर जिले की पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेनाए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और पूजा शर्मा द्वारा उपस्थित रहीद्य इस कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने 350 से भी अधिक विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के महत्वए ऑनलाइन खतरों से बचाव तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलोंए फ़िशिंगए ऑनलाइन धोखाधड़ीए डेटा चोरीए सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोगए मजबूत पासवर्डए टू.फैक्टर ऑथेंटिकेशन तथा व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा की। साथ ही विद्यार्थियों को साइबर हमलों से बचाव के व्यावहारिक उपायों और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े आवश्यक सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया।

आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा समय.समय पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैंए ताकि विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से दक्षए डिजिटल रूप से सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सके। प्रोफ डॉ. मनीषा कवाथेकरए डायरेक्टरए आईईएस पब्लिक स्कूल ने सभी आतिथिओ का उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और छात्रों के साथ प्रेरणादायक बातचीत के लिए तहे दिल से आभार व्यक्त किया।

# विकसित भारत जी-राम-जी योजना का शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति बनी चर्चा का विषय, नेता पुत्र के दौरे को दी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी विकसित भारत जी-राम-जी योजना का देशभर में गुरुवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तमिलनाडु से इस योजना का शुभारंभ किया, जिसका सीधा प्रसारण पूरे देश में किया गया। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका को सशक्त बनाना है, लेकिन भैरूंदा में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।भैरूंदा के जनपद पंचायत सभागार में आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एक भी प्रमुख जनप्रतिनिधि नजर नहीं आया। मंच पर केवल जनपद पंचायत के एक सदस्य की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की गरिमा पर भी असर पड़ा। यह स्थिति उस समय और भी चौंकाने वाली बन गई जब यह सामने आया कि इसी दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान निजी दौरे पर भैरूंदा पहुंचे हुए थे।जानकारी के अनुसार अधिकांश जनप्रतिनिधि इस दौरान उनके स्वागत, मुलाकात और साथ रहने में व्यस्त रहे। यही कारण बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार की इस अहम योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में नेताओं की उपस्थिति नहीं हो सकी। इस घटनाक्रम ने राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में चर्चा का विषय बना दिया है।स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब सरकार की इतनी महत्वपूर्ण योजना का शुभारंभ हो रहा था, तब जनप्रतिनिधियों का कार्यक्रम से दूर रहना उनकी प्राथमिकताओं पर सवाल खड़ा करता है। लोगों का मानना है कि जनप्रतिनिधियों की पहली जिम्मेदारी जनता और विकास कार्यों के प्रति होनी चाहिए, न कि निजी कार्यक्रमों को प्राथमिकता देना।राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि ऐसी घटनाएं जनता के बीच गलत संदेश देती हैं। यदि जनप्रतिनिधि स्वयं सरकारी योजनाओं के प्रति गंभीरता नहीं दिखाएंगे, तो आम जनता तक इन योजनाओं का महत्व और प्रभाव कैसे पहुंचेगा। सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई योजनाओं का लाभ तभी संभव है जब उनके क्रियान्वयन और प्रचार-प्रसार में जनप्रतिनिधि सक्रिय भूमिका निभाएं।इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब क्षेत्र में यह सवाल प्रमुखता से उठ रहा है कि क्या जनप्रतिनिधि जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझ रहे हैं या फिर निजी संबंधों और राजनीतिक समीकरणों को अधिक महत्व दे रहे हैं। आम जनता के बीच चर्चा है कि आखिर उनके चुने हुए प्रतिनिधि जनता के सेवक हैं या बड़े नेताओं के परिजनों के स्वागत तक ही सीमित रह गए हैं।फिलहाल यह मामला जनचर्चा का केंद्र बना हुआ है और लोगों की नजरें अब इस बात पर टिकी हैं कि भविष्य में जनप्रतिनिधि अपनी भूमिका को लेकर कितनी गंभीरता दिखाते हैं।

### मुनिश्री निर्णय सागर महाराज ससंघ मंगल अगवानी व घट यात्रा 6 जुलाई को

**सीहोर।** संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से दीक्षित वर्तमान आचार्य समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि पाठशाला प्रेरक मुनि श्री निर्णय सागर महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश सोमवार 6 जुलाई को प्रातः 7 बजे भगवान महावीर स्मारक कीर्ति स्तंभ स्थित गांधी पार्क पर मंगल प्रवेश होगा जहां सकल जैन समाज ऐतिहासिक भव्य भक्ति भाव से अगवानी पर पद प्रच्छालन, आरती कर श्रध्दालु आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। तत्पश्चात मुनि श्री निर्णय सागर महाराज ससंघ के सानिध्य मे श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर स्थित कस्बा मे नवीन वेदी शुध्दी कलश घट यात्रा बैड बाजो के साथ भक्ति भाव से जयघोष ,भजन कीर्तन करते हुए श्रध्दालु नगर के प्रमुख मार्गो से घट यात्रा कस्बा स्थित श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर पंहुचेगी जहां मुनिश्री के सानिध्य मे तीन दिवसीय नवीन वेदी प्रतिषंठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ आयोजन प्रतिष्ठाचार्य विमल भैय्या तथा ब्रह्मचारी अमन भैय्या के निर्देशन मे विधी विधान से 6 जुलाई को शुभारंभ होगा।



## शिवभक्तों में उल्लास, जयकारों के साथ अमरनाथ यात्री यात्रा पर रवाना

# अमरनाथ यात्रियों को पुष्प-माला पहनाकर विदा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हर साल की तरह इस साल भी बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी के तत्वाधान में शाम शहर के रेलवे स्टेशन से कश्मीर स्थित प्रमुख तीर्थ स्थल श्री अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए शहर से श्रद्धालुओं का दल रवाना किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासियों ने 55 सदस्यीय मंडल के अध्यक्ष राम भरोस यादव सहित अन्य का पुष्प माला पहनाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत और सम्मान किया। इस मौके पर जिला संस्कार मंच के पदाधिकारी भी शामिल थे। जोरदार बारिश के मध्य भी नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और भगवान शिव के जयकारों के मध्य बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया। नपाध्यक्ष ने सभी ने यात्रा में शामिल सभी लोगों की मंगल कामना करते हुए भगवान के जयकारें लगाते हुए जत्थे को हरी झंडी देकर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। सभी यात्री पहलगांव चंदन बाड़ी पहुंचकर इस मार्ग से पवित्र बर्फानी शिवलिंग के दर्शन के लिए चढ़ाई शुरू करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष रामभरोस यादव ने बताया कि मंडल के द्वारा बड़ी संख्या में श्रद्धालु जत्थे में शामिल होते है और पूरे उत्साह के साथ यात्रा करते है। लगभग दस दिनों के इस सफर में प्रतिदिन भजन और कीर्तन का आयोजन भी किया जाता है। लगातार कई सालों से इस जत्थे में शामिल सभी श्रद्धालु बाबा के दर्शन करते है। यहां भगवान शिव हिम शिवलिंग के रूप में मौजूद है। यहां गुफा की छत से टपकने वाले पानी से बर्फ का शिवलिंग बनता है। इस शिवलिंग के दर्शन के लिए देश भर से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। शिवलिंग के अलावा इस गुफा का महत्व इसलिए भी है क्योंकि मान्यता है कि यहीं भगवान शिव ने पत्नी देवी पार्वती को अमरत्व का मंत्र सुनाया था।

# खाद से वंचित वनभूमि के किसानों ने कलेक्टर से लगाई गुहार, तहसील में ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

तहसील रेहटी के ग्राम मट्ठागांव एवं रानीकुंडी के वनभूमि पर वर्षों से खेती कर रहे काश्तकारों ने खाद उपलब्ध कराने एवं भूमि रिकॉर्ड में सुधार की मांग को लेकर कलेक्टर सीहोर को ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने बताया कि वे लंबे समय से वनभूमि पर काबिज होकर खेती कर रहे हैं तथा इसी खेती से अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। संबंधित भूमि का सीमांकन भी किया जा चुका है, लेकिन वर्तमान में मध्यप्रदेश शासन द्वारा ई-केवाईसी प्रणाली के माध्यम से केवल ऑनलाइन दर्ज भूमि धारकों को ही खाद वितरित किया जा रहा है।

वनभूमि पर खेती करने वाले किसानों का रिकॉर्ड दर्ज नहीं होने के कारण उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है, जिससे खरीफ सीजन की फसल प्रभावित होने की आशंका है। किसानों ने ज्ञापन में मांग की है कि वनभूमि पर वास्तविक रूप से खेती कर रहे काश्तकारों के लिए खाद उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि वे समय पर खाद खरीदकर अपनी फसल बचा सकें।

साथ ही मौके पर वास्तविक कब्जे के अनुसार वनभूमि का नक्शा एवं राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त कराने के आदेश जारी किए जाएं, जिससे भविष्य में भी उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। ज्ञापन पर ग्राम मट्ठागांव एवं रानीकुंडी के अनेक किसानों के हस्ताक्षर हैं। ज्ञापन की प्रतिलिपि वनमंडलाधिकारी सीहोर को भी प्रेषित की गई है।

'हरिभूमि' द्वारा उठाई गई आवाज का आखिरकार असर हुआ

# दत्तक पुत्र से मुक्त हुआ पीएम आवास, बेघर हुए बुजुर्ग दंपती को फिर मिला अपना आशियाना




पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया, न्याय के लिए दर-दर भटक रहे पीड़ित

74 वर्षीय बुजुर्ग दंपती को दत्तक पुत्र ने घर से निकाला, प्रधानमंत्री आवास में जड़ दिया ताला

क्या है पूरा मामला?

प्रशासन की बेरुखी, कागजों में सिमटी कार्रवाई

अधिकारियों ने साधी चुप्पी पल्ला झाड़ा जिम्मेदारी से

इनका कहना है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

अन्याय के खिलाफ 'हरिभूमि' द्वारा उठाई गई आवाज का आखिरकार असर हुआ है। माचलपुर नगर में अपने ही दत्तक पुत्र और बहू के अत्याचारों से तंग आकर दर-दर भटक रहे बुजुर्ग दंपति वाहिद शाह और जन्नत बी को अब उनका अपना आशियाना वापस मिल गया है। बुजुर्ग दंपति ने शिकायत की थी कि उनका दत्तक पुत्र शरीफ और बहू शब्बो बी उनके साथ न केवल गाली-गलौच करते थे, बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी देते थे। इन लोगों ने बुजुर्गों को मिले 'प्रधानमंत्री आवास' योजना के तहत बने मकान पर भी जबरन कब्जा कर रखा था। लंबे समय तक प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर काटने के बाद भी जब बुजुर्गों को न्याय नहीं मिला, तो उन्होंने 'हरिभूमि' का दरवाजा खटखटाया।

## प्रशासन की नींद टूटी पुलिस ने दिखाई सख्ती

'हरिभूमि' में इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस महकमा हरकत में आया। खबर के असर से दबाव बढ़ा और प्रशासनिक अमले ने मामले को गंभीरता से लिया। कस्बा पटवारी द्वारा बनाए गए पंचनामे और पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत दर्ज मामले के बाद कार्रवाई तेज हुई।

## मुस्कुराया बुजुर्ग दंपति का चेहरा

प्रशासन की मौजूदगी में दत्तक पुत्र से मकान खाली करवाया गया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बुजुर्ग दंपति को उनका घर पुनः सौंप दिया गया। अपना आशियाना वापस पाकर वाहिद शाह और जन्नत बी की आंखें भर आईं। उन्होंने अपनी पीड़ा को समाज के सामने लाने और न्याय दिलाने के लिए 'हरिभूमि' का विशेष आभार व्यक्त किया है।


## जनता की आवाज बना हरिभूमि

एक बार फिर 'हरिभूमि' ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए यह साबित कर दिया है कि वह पीड़ितों के साथ खड़ा है। अगर किसी के साथ अन्याय नहीं हो रहा है, तो उसकी आवाज को जनता तक पहुंचाने के लिए हरिभूमि पीड़ितों की सहायता करने के लिए तत्पर है।

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण का शुभारंभ

# गांवों की जरूरत के अनुरूप होंगे विकास कार्य, रोजगार के साथ प्राकृतिक संसाधनों का होगा संरक्षणः नागर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रधानमंत्री के संकल्प 'विकसित भारत' को साकार करने की दिशा में आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले के ग्राम मुक्कावरिपल्ली से 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' (वीबी- जीराम जी) का राष्ट्रव्यापी शुभारंभ किया गया। इसका सीधा प्रसारण देशभर में देखा गया। इसी क्रम में राजगढ़ जिले का जिला स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत राजगढ़ के ग्राम गोपालपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सरपंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने योजना की भूमिका रखते हुए कहा कि 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' ग्रामीण विकास का एक समग्र अभियान है। इस योजना के माध्यम से गांवों में रोजगार सृजन, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा आजीविका संवर्धन के कार्य स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप किए जाएंगे। योजना में किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। फसल कटाई एवं कृषि कार्य के व्यस्त समय में मजदूरी कार्यों का दबाव न रहे, इसके लिए कार्यों के निर्धारण में भी आवश्यक प्रावधान किए गए हैं।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ होगा विकास

राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव एवं नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ गांवों के सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। सांसद नागर ने अपने संबोधन में कहा कि इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि गांव के विकास की प्राथमिकताएं स्वयं ग्रामवासी तय करेंगे। ग्राम पंचायतों की भागीदारी से गांवों की आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों का चयन किया जाएगा। योजना के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, आजीविका संवर्धन एवं ग्रामीण अधोसंरचना के विकास पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा और समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## क्या है विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)

यह मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ टिकाऊ एवं स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण पर केंद्रित है। योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की भागीदारी से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों का चयन किया जाएगा। जल संरक्षण, वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, भूमि विकास, ग्रामीण अधोसंरचना, आजीविका संवर्धन तथा प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो तथा गांव आत्मनिर्भर बन सकें।कार्यक्रम के दौरान संबल योजना एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सरपंचों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन की सहभागिता रही।

सारंगपुर-शुजालपुर मार्ग पर घटना

# मारुति वैन और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में युवक की मौत, एक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गुरुवार को सारंगपुर-शुजालपुर मार्ग स्थित अय्यापुर जोड़ पर मारुति वैन और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि वैन चालक घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना की सूचना मिलते ही सलसलाई थाना क्षेत्र की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। तब तक ग्रामीणों की सहायता से गंभीर रूप से घायल मोटरसाइकिल सवार अरुण पिता महेश राजपूत, निवासी गोदना को निजी वाहन से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण अरुण ने दम तोड़ दिया। वहीं मारुति वैन सवार प्रहलाद पिता गणपत, निवासी मूलीखेड़ी (आष्टा) भी हादसे में घायल हो गया, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। घटना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# सिविल, मैकेनिकल, केमिकल सहित चार ब्रांचों में प्रवेश के लिए निशुल्क पंजीयन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय राजगढ़ में तकनीकी शिक्षा विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में कुछ शेष बची सीटों में अहरकारी परीक्षा 10वी के आधार पर प्रवेश के लिए संस्था स्तर की काउंसलिंग प्रक्रिया के लिए पंजीयन 04 जुलाई से प्रारंभ किए जाएंगे। रजिस्ट्रेशन उपरान्त प्रवेश के लिए 06 जुलाई को छात्र-छात्राएं संस्था में स्वयं उपस्थित होकर समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रवेश प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। प्रवेश उपरांत छात्र-छात्राएं निम्नानुसार छात्रवृत्ति का लाभ पात्रता अनुसार प्राप्त कर सकेंगे। दिव्यांग छात्र छात्राओं को एआईसीटीई सक्षम स्कॉलरशिप स्कीम अंतर्गत प्रतिवर्ष 50 हजार रुपये की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी। छात्राओं को एआईसीटीई प्रगति स्कॉलरशिप स्कीम अंतर्गत 50 हजार रुपये की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी। पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना एवं अन्य। साथ ही कोविड-19 की वजह से माता या पिता दोनों की दिवंगत होने पर, आर्म्ड और सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्सेस में शहीद हुए जवानों के बच्चों को एआईसीटीई स्वनाथ स्कॉलरशिप स्कीम के तहत 50 हजार रूपए की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी। छात्र दृछात्राओं को एआईसीटीई यशस्वी स्कालरशिप स्कीम अंतर्गत 30 हजार रुपये की राशि पात्रता अनुसार प्राप्त होगी। अध्यनरत विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने हेतु कोचिंग ध्आवश्यक किताबें तथा अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाएगी। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र- छात्राए संस्था में प्रातः 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे के मध्य उपस्थित होकर अपना निःशुल्क पंजीकरण करा सकते है।

# पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन में जिलेभर में फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना, न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित कराना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। इसी क्रम में एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में थाना सारंगपुर पुलिस ने बुधवार की दरमियानी रात अलग-अलग टीमों का गठन कर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी तथा गौवंश वध अधिनियम से जुड़े मामलों में फरार आरोपियों की तलाश की। अभियान के दौरान पुलिस को कई मामलों में सफलता मिली।

**एनडीपीएस एक्ट के मामलों में गिरफ्तार आरोपी :** अपराध क्रमांक 295/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी रईस काला पिता सत्तार खां निवासी वार्ड क्रमांक 4 गोलावाड़ी, सारंगपुर को गिरफ्तार किया गया, वही आरोपी वकील उर्फ वकीला पिता सत्तार खां निवासी बिरजावाड़ी, सारंगपुर, जावेद पिता यूनुस खां निवासी झोपड़ी मोहल्ला, पिंजारा बाखल, सारंगपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया। वही अन्य गिरफ्तारी में फरार आरोपी आमिन खां पिता इनुवा उर्फ यूनुस अली (28 वर्ष), निवासी पटेलवाड़ी, सारंगपुर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई का उल्लंघन करने पर थाना सारंगपुर में अपराध क्रमांक 511/2026 के तहत रामबाबू पिता लक्ष्मीनारायण पुष्पद निवासी तारागंज के विरुद्ध धारा 122 जाफौ./141 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अभियान में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल रघुवंशी, उपनिरीक्षक राहुल सेंधव,आरक्षक सत्येंद्र रघुवंशी, बनवारी गुर्जर, मुकेश भिलाला तथा महिला आरक्षक दीपिका सहित पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा।

# पैर फिसलने से खाल में डूबी महिला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

समीपवर्ती ग्राम मेलखेड़ी निवासी 40 वर्षीय महिला कलांबाई सौंधिया की पैर फिसलने से खाल यानी तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मेलखेड़ी निवासी लक्ष्मीनारायण सौंधिया की पत्नी कलांबाई अपने पुत्र के साथ खेत पर दवा छिड़कने का काम कर रही थीं। इसी दौरान मां-बेटा पानी की केन भरने के लिए खाल/तालाब पर गए। बेटा पानी भरकर खेत की ओर लौट गया। जब कलांबाई पानी भर रही थीं, तभी उनका पैर फिसल गया और वे खाल में गिर गईं। बेटे ने जब पीछे मुड़कर देखा तो मां नजर नहीं आईं। वह तुरंत खाल पर पहुंचा, लेकिन तब तक महिला की डूबने से मौत हो चुकी थी। परिजन उन्हें खाल से बाहर निकालकर सिविल अस्पताल लाए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जांच एसआई संतोष सिंह कर रहे हैं। लक्ष्मीनारायण सौंधिया के परिवार में पत्नी के अलावा दो अविवाहित पुत्र और एक बुजुर्ग महिला हैं।

# तीसरी पत्नी के साथ रह रहे जेई के घर हाई वोल्टेज ड्रामा, दूसरी पत्नी के पहुंचते ही मच गया बवाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर की मुंदड़ा कॉलोनी में गुरुवार को विद्युत विभाग में पदस्थ एक जूनियर इंजीनियर (जेई) के पारिवारिक विवाद ने हाई वोल्टेज ड्रामे का रूप ले लिया। दूसरी पत्नी के अचानक घर पहुंचने पर तीसरी पत्नी के साथ उसका आमना-सामना हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों के बीच कहासुनी, गाली-गलौज और हाथापाई की नौबत आ गई। घटना से कॉलोनी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग में पदस्थ जेई सुबोध कुमार मुंदड़ा कॉलोनी स्थित एक किराए के मकान में रह रहा था। बताया जा रहा है कि वह पहले से दो विवाह कर चुका है और वर्तमान में तीसरी महिला के साथ रह रहा था।

इसी बीच दूसरी पत्नी को इसकी जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंच गई। घर में तीसरी महिला को देखकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट तक पहुंच गया। घटना के दौरान घर के बाहर शोर-शराबा और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। स्थिति बिगड़ती देख कालोनी निवासी ने डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश देकर थाने ले गई, जिसके बाद मामला शांत हो सका। थाना प्रभारी हुकमचंद मीणा ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से आवेदन प्राप्त हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

बाइक एवं पैदल राहगीरों को बमुश्किल हाट परिसर तक पहुंचना पड़ा

# लाखों खर्च कर बने नए हाट बाजार में कीचड़, जूझे लोग

## खिलचीपुर नाका तालाब परिसर में सीमेंट कांक्रीट एवं रिक्त जगह मुरुम डालकर शुरू किया था बाजार, बारिश में हाल बेहाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर का साप्ताहिक हाट-बाजार पूर्व में स्टेडियम परिसर सहित इंदर चैराहा से आवास कॉलोनी मुख्य मार्ग पर लगता था, जहां आवागमन और दुकानदारों के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने से भारी परेशानी होती थी।

बारिश के दौरान स्टेडियम परिसर में कीचड़ ही कीचड़ हो जाता था, जिससे दुकानदारों एवं सब्जी व अन्य सामान खरीदने वालों को भारी तकलीफ का सामना करना पड़ता था। इस स्थिति से निजात दिलाने के उद्देश्य से नगर परिषद ने लाखों रुपए खर्च कर खिलचीपुर नाका के समीप तालाब परिसर में नया हाट बाजार शुरू किया था। यहां सीमेंट-कांक्रीट के अलावा खाली पड़ी जगह पर नगर परिषद द्वारा मुरुम डाली गई थी, जिसे करीब तीन सप्ताह बाद फैलाया गया। लेकिन दिनांक 01 जुलाई 2026 को लगे साप्ताहिक हाट-बाजार में स्थिति बहुत खराब रही। बारिश के कारण मुरुम कीचड़ में तब्दील हो गई और लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई। भारी अव्यवस्था से लोग जूझते रहे। बाइक एवं पैदल राहगीरों को बमुश्किल हाट परिसर तक पहुंचना पड़ा। कई लोग फिसल भी गए और उनके कपड़े व सामान गंदे हो गए। समाचार पत्र के माध्यम से नगर परिषद के संज्ञान में यह मामला पिछले सप्ताह लाया जा चुका है।

दुकानदारों और खरीदारों ने मांग की है कि हाट परिसर में स्थायी समाधान के लिए शेष परिसर में सीमेंट कांक्रीट या पेवर ब्लॉक लगाया जाए, ताकि बारिश में भी बाजार सुचारू रूप से लग सके। हाट बाजार के बाहर मुख्य सड़क मार्ग से अन्दर तक जाने वाले रास्ते को खुला रखा जायें ताकि आवागमन में बाधा नहीं हो इस समस्या से भी नगर परिषद को समाचार पत्र के द्वारा संज्ञान में लाया गया लेकिन कतिपय हाथ ठेले आवागमन में बाधक बने रहें।

मनमाने बिजली बिल से उपभोक्ता परेशान

# किन्नर के साथ विभाग के कर्मचारियों ने की झूमाझटकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में इन दिनों बिजली उपभोक्ता बिजली विभाग की मनमानी के कारण त्रस्त है विभाग में बैठे कर्मचारी अधिकारी अपनी मनमानी हटधार्मिता से बाज नहीं आ रहे स्मार्ट मीटर एवं साधे मीटर वाले उपभोक्ता मनमाने बिजली बिल से बेहद परेशान हैं लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है अगर कोई उपभोक्ता हिम्मत करके बिजली बिल सुधारने या बड़े हुए बिजली की शिकायत लेकर बिजली कार्यालय जाता हैं तो उनकी समस्या सुनने की वजह उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता हैं और धमकी दी जाती है कि अब वापस आ गए तो शासकीय बाधा के मामले में कार्यवाही करवा दी जाएगी। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को सामने आया, जहा बिजली उपभोक्ता ममता बाई गुरु प्रवीण किन्नर बिजली कनेक्शन क्रमांक 2827007120 का महा जून का बिल 4893 रुपए का दिया गया और पिछले महीने का 7691 का बकाया बताया गया। जबकि पिछले माह का बिल उपभोक्ता को नहीं दिया गया जबकि बड़े हुए बिजली बिल को लेकर उपभोक्ता बिजली घर पहुंची तो उसके साथ सरेआम अभद्र व्यवहार किया गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा हैं।बिजली उपभोक्ता अपने साथ हुए अपमान एवं बड़े हुए बिजली बिल की शिकायत लेकर संबंधित पुलिस थाने पहुंची एवं एसडीएम एसडीओपी एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के नाम आवेदन देकर न्याय की मांग की तथा एक प्रति हमारे संवाददाता को भी उपलब्ध कराई। उल्लेखनीय यह है कि नगर में बिजली बिल से कई लोग त्रस्त हैं लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। इतना नहीं जिस उपभोक्ता के साथ बिजली विभाग में अभद्र व्यवहार किया उक्त उपभोक्ता का नगर में ममता अंटी के नाम से सभी समाज के लोग सम्मान करते हैं तथा हर धार्मिक कार्य में बढ़चढकर हिस्सा लेती हैं।अपने साथ हुए अपमान को लेकर मीडिया के सामने रोते हुए ब्यौरा दिया।अब देखना यह है कि विद्युत मंडल द्वारा दिया गया बिजली बिल सही है या उपभोक्ता सही है।यह तो आने वाला समय ही बतायेगा लेकिन जन चर्चा है कि विद्युत मंडल द्वारा आम उपभोक्ता के साथ जमकर मनमानी की जा रही हैं।


### इनका कहना है...

खपत के अनुसार बिजली बिल दिए जा रहे हैं फिर भी कोई बिल में त्रुटि है तो सुधार किया जाएगा। घटना की मुझे जानकारी नहीं है।

-सत्यप्रकाश मिश्रा, सहायक यंत्री मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी सारंगपुर।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश किसान कांग्रेस महासचिव नियुक्त



**जावर।** राष्ट्रीय किसान कांग्रेस अध्यक्ष सुखपाल सिंह खेरा एवं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश किसान अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के अनुमोदन पर मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया जिसमें कमल सिंह पहलवान को प्रदेश किसान कांग्रेस महासचिव नियुक्त किया गया जिससे क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। पहलवान ने सभी शीर्ष नेतृत्व एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और बधाईकर्ता का आभार माना।

### मार्दव सागर महाराज का मंगल प्रवेश आज

**आष्टा।** आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि मार्दव सागर महाराज व नव दीक्षित मुनि सहजानंद सागर महाराज संसघ का मंगल प्रवेश आज प्रातः 8 बजे कृषि उपज मंडी गेट कन्नौद रोड से होगा उसके बाद पूज्य मुनि संघ का मंगल प्रवचन व आहार चर्या किला मंदिर से सम्पन्न होगी। आगवानी में अधिक से अधिक संख्या में समस्त समाज जनो से समाज के अध्यक्ष आनंद जैन महामन्त्री कैलाश जैन ने विनती की है।

नगर प्रवेश के साथ आचार्य संघ काहुआ भव्य चातुर्मास प्रवेश

# श्रद्धालुओं ने जगह-जगह चरण वंदन कर जयघोषों से वातावरण बनाया भक्तिमय

श्रद्धालुओं ने जगह-जगह चरण वंदन कर किया भव्य स्वागत, सकल हिन्दू समाज ने भी किया आत्मीय अभिनंदन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




जैन समाज के लिए शुक्रवार का दिन आस्था, श्रद्धा और धार्मिक उल्लास से परिपूर्ण रहा। आनंदो-आष्टा वर्षीय आनंदो चातुर्मास प्रवेश महोत्सव-2026 के अंतर्गत परम पूज्य न्याय विशारद आचार्यदेव श्रीमद् विजय देवचंद्रसूरीश्वर जी महाराज के पावन शिष्यरत्न परम पूज्य पन्यास प्रवर श्री यशोविजित विजय जी महाराज एवं साधु-साध्वी भगवंतों के सान्निध्य में आचार्य संघ का भव्य नगर प्रवेश संपन्न हुआ। नगरवासियों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संतों का आत्मीय स्वागत किया।

प्रातः 8 बजे बड़ा जैन मंदिर से विशाल शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें महिला मंडल, युवा मंडल, श्री जैन श्वेतांबर श्रीसंघ तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री नेमीनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर, किला आष्टा पहुँची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह चरण वंदन कर पुष्पवर्षा की तथा जयघोषों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।शोभायात्रा के समापन पर आयोजित धर्मसभा में पूज्य महाराज ने चातुर्मास के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए धर्म, संयम, तप, त्याग एवं आत्मकल्याण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि चातुर्मास आत्मचिंतन, साधना और आराधना का श्रेष्ठ अवसर है, जिसका लाभ प्रत्येक श्रद्धालु को लेना चाहिए।चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन, स्वाध्याय, नवकारसी, तप, आराधना तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

साथ ही 33वीं दीक्षा तिथि महोत्सव एवं 4 व 5 जुलाई को विशेष प्रेरणादायी प्रवचनों का भी आयोजन होगा।इस अवसर पर सकल हिन्दू समाज द्वारा भी आचार्य संघ का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने चरण वंदन कर धर्मलाभ प्राप्त किया तथा चातुर्मास की सफल एवं मंगलमय पूर्णता की कामना की।कार्यक्रम में चातुर्मास समिति, श्री जैन श्वेतांबर श्रीसंघ, महिला मंडल, युवा मंडल एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

वहीं सकल हिन्दू समाज के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, संयोजक मुकेश नामदेव, सचिव मनीष डोंगरे, मोंटू कोरी, मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, रमेशबाबू मालवीय, मागीलाल सिसोदिया, मनोहर बैरागी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने आचार्य संघ का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।नगर प्रवेश महोत्सव के दौरान पूरा आष्टा नगर धर्म, भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आया। श्रद्धालुओं के उत्साह, जयघोष और भक्ति भाव से वातावरण पूरी तरह धर्ममय हो गया तथा चातुर्मास प्रवेश महोत्सव श्रद्धा, अनुशासन और धार्मिक एकता का अनुपम उदाहरण बन गया।

# बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

बिजली कटौती से परेशान ग्रामीण भाटीखेड़ा, बनखेड़ा, अरोलिया ,परोलिया के ग्रामीण बिजली कटौती से परेशान बैठे धरने पर मंडल अधिकारी चौहान ने मौक़े पर पहुंचकर किया निराकरण। बरसात के प्रारंभ होते ही बिजली कटौती में बढ़ोतरी हो जाती है जबकि बरसात में ही सबसे ज़्यादा बिजली की आवश्यकता होती है बरसात में ज़हरीले जीव निकलते हैं जिससे आमजन को हानि होने की संभावना होती है ग्राम भाटीखेड़ा एवं बनखेड़ा के ग्रामीण विगत दिनों से अघोषित विद्युत कटौती से परेशान हैं कई बार विद्युत विभाग के कर्मचारियों को अवगत करवाया गया है। परेशान ग्रामीणों ने जावर नगर परिषद के पुर्व अध्यक्ष शैलेष कुमार वैद्य को अवगत करवाया एवं पुर्व नपा अध्यक्ष वैद्य ने ग्रामीणों के साथ विद्युत मंडल जावर पहुँचे जहाँ पर उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारि जेई गणेश चौहान को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया एवं पुर्व नपा अध्यक्ष व वैद्य ने कहा कि भाटीखेड़ा एवं बनखेड़ा की बिजली को सेपरेट किया जाए, तब विद्युत विभाग के अधिकारी जेई चौहान ने मानवीय आधार पर ग्रामीणों की समस्या को समझते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की तब जेई जावर द्वारा तुरंत मौक़े पर निराकरण करते हुए दो दिवस के अंदर लाईट को सुचारू रूप से संचालित करने की बात कही। क्योकी कई बार आँधी चलने एवं पानी आने की वजह से फाल्ट अन्य जगह पर हो जाता है। आज बरसात के मौसम में भी उमस के साथ साथ मच्छर बढ़ जाते हैं तो कई बीमारियों का डर तो रहता ही है। शैलेष कुमार वैद्य ने जावर विद्युत मण्डल के अधिकारी गणेश चौहान की त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा की। सभी ग्रामीणों ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर तेज सिंह भाटी, पंकज पटेल, कुंदन पटेल, बबलू पटेल, वीरेन पटेल, वीरेन भाटी, जितेन पटेल, सचिन, धीरज सिंह भाटी, जितेन भाटी हरेंद्र सिंह भाटी वीरेन भाटी संतोष मालवीय अनिल मालवीय, भेरूलाल मालवीय, धर्मेंद्र मालवीय भाटीखेड़ा, बनखेड़ा ,अरोलिया ,परोलिया गाँव के ग्रामीण व किसान भी उपस्थित रहे।

# दृढ़ संकल्प और संघर्ष से मिली सफलता ही समाज को नई प्रेरणा देती है : डॉ. राजकुमार मालवीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का जन्मदिवस दिव्यांग खिलाड़ियों के साथ मनाया, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का किया सम्मानसीहोर। मध्यप्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यालय प्रभारी डॉ. राजकुमार मालवीय की पहल पर मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का जन्मदिवस दिव्यांग खिलाड़ियों के सम्मान के साथ गरिमामय एवं आत्मीय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उपमुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ अर्पित कीं।इस अवसर पर भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यालय प्रभारी डॉ. राजकुमार मालवीय ने कहा, विपरीत परिस्थितियों को अवसर में बदलने वाले व्यक्तित्व ही समाज के वास्तविक प्रेरणास्त्रोत बनते हैं। दिव्यांग खिलाड़ियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और अथक परिश्रम के बल पर यह साबित किया है कि सफलता शारीरिक सीमाओं की नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति की पहचान होती है। ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सम्मान करना केवल औपचारिक दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का जन्मदिवस उनके साथ मनाकर हमने सेवा, संवेदना, सम्मान और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया है।₹कार्यक्रम में देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनमें राष्ट्रीय व्हीलचेयर रग्बी खिलाड़ी सीताराम, जो आगामी अक्टूबर में जापान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे; मध्यप्रदेश व्हीलचेयर रग्बी टीम के कप्तान एवं एशियन व्हीलचेयर रग्बी चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अजीत प्रजापति; अंतरराष्ट्रीय आर्म रेसलिंग खिलाड़ी अरविंद रजक, जिन्होंने रोमानिया में रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया तथा दिल्ली में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया; तथा राजेश शर्मा, जिन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र, ग्वालियर में आयोजित प्रतियोगिता में रजत पदक अर्जित किया और अब एशियन गेम्स क्वालिफायर के लिए थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्हीलचेयर रग्बी प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सभी खिलाड़ियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया, उनकी उल्लेखनीय खेल उपलब्धियों एवं अर्जित पदकों के लिए सम्मानित किया तथा अपने हाथों से जन्मदिवस की मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

# हॉर्न बजाने को लेकर शुरू हुए विवाद और पुरानी रंजिश ने ली युवक की जान, पुलिस ने चार आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कार और डंडे भी जब्त कर लिए हैं। रेहटी पुलिस के अनुसार, 2 जुलाई को रमाबाई यदुवंशी निवासी महांगांव जदीद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके भाई सुनील यदुवंशी के साथ संदीप यदुवंशी, विनीत यदुवंशी तथा उनके दो साथियों ने डंडों से मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। शिकायत पर रेहटी थाना पुलिस ने हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।जांच के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 1 जुलाई की रात करीब 11 बजे वे कार से महांगांव जदीद पहुंचे थे। घर के सामने सड़क पर खड़ी स्कूटी हटवाने के लिए हॉर्न बजाया, जिस पर पहले से चली आ रही रंजिश के चलते सुनील यादववंशी बाहर आ गया और दोनों पक्षों में विवाद हो गया।विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने डंडों से सुनील यादववंशी की बेरहमी से पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे सुनील के जीजा सबरसिंह पर भी हमला किया गया, जबकि एक अन्य ग्रामीण पूनम यादववंशी को भी मारपीट कर वहां से भगा दिया।

घटना के बाद चारों आरोपी कार से फरार हो गए।रेहटी पुलिस ने जांच के दौरान चारों आरोपियों संदीप यदुवंशी, विनीत यदुवंशी, मोहित धनवारे और प्रदीप यदुवंशी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त होंडा ब्रियो कार (क्रमांक MP-04-CK-3660) एवं वारदात में इस्तेमाल किए गए डंडे भी जब्त कर लिए हैं।

सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।इस कार्रवाई में रेहटी थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कहारे, उप निरीक्षक संदीप जाट, सहायक उप निरीक्षक बी.एस. सिकरवार, सुमेर सिंह सहित थाना रेहटी के पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जहां चाह होती है, वहां राह निकल ही आती है: मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगरपालिका द्वारा शहर के विकास और कायाकल्प को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एक ओर जहां शहर के विभिन्न चौराहों और प्रमुख स्थानों पर सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है, वहीं दूसरी ओर मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निर्माण कार्यों का सिलसिला भी लगातार जारी है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा वार्ड पार्षद अतीक कुरैशी की उपस्थिति में शहजानी मस्जिद मुख्य मार्ग होते हुए शीतला माता मंदिर से लेकर कसाईपुरा चौराहा तक बनने वाले सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मार्ग का निर्माण लगभग 9 लाख 66 हजार रुपये की लागत से पूर्ण होगा। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि यह मार्ग केवल कंक्रीट और डामर की सड़क मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारे नगर की अटूट आस्था, आपसी भाईचारे और साझी संस्कृति का एक जीवंत प्रतीक है। एक तरफ इस मार्ग पर हमारी आस्था का केंद्र, नगर की माता शीतला मां का प्राचीन मंदिर स्थित है, जहां हर दिन सैकड़ों श्रद्धालु और मांगलिक कार्यों के लिए हमारे परिवार मंगलकामनाओं के साथ आते हैं। वहीं दूसरी तरफ, इसी मार्ग पर हमारे मुस्लिम भाईयों की मस्जिद भी स्थित है, जो इस बात का गवाह है कि हमारा नगर हमेशा से कौमी एकता और समरसता की मिसाल रहा है। श्री मेवाड़ा ने कहा कि पिछले काफी समय से वर्षों पुराना यह मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था। हमारे बुजुर्गों, माताओं-बहनों और नन्हे बच्चों को यहां से गुजरते समय भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। श्रद्धालुओं के कदम जब इन गड्ढों पर पड़ते थे, तो कष्ट होना स्वाभाविक था। लेकिन, जहां चाह होती है, वहां राह निकल ही आती है। नागरिकों की इस परेशानी को समझते हुए और उनके आवागमन को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए हमारी सजग नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा की अध्यक्षता में इस पूरे मार्ग को एक नया, भव्य और मजबूत स्वरूप देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। जिसका आज हम सभी मिलकर भूमिपूजन कर रहे है। बहुत जल्द यह मार्ग एक नए स्वरूप में आपके सामने होगा, जिससे न केवल श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन प्राप्त होंगे, बल्कि हर आम नागरिक का सफर भी आसान बनेगा। इस अवसर पर पार्षद सुभाष नामदेव, श्रीराम मंदिर समिति अध्यक्ष गोविंद सोनी, देवकरण पहलवान, खालिद पठान, कल्लू कुशवाहा, हाजी मुन्ना खां, रिजवान पठान, अकरम खान, राजेश, शोएब खां, अशोक, अशफाक खां घड़ी, इमरान पठान, प्यारे कुरैशी, नासिर धनिया, सज्जू कुरैशी, जाकिर कुरैशी, हजीरा कुरैशी, दानिश कुरैशी, आबिद कुरैशी, सलमान खां, अनीस कुरैशी, अकरम कुरैशी आदि मौजूद थे।

# मां पार्वती धाम गोशाला में गौ सेवकों ने किया गोपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जन्मदिन को सेवा, संस्कार और सनातन संस्कृति से जोड़ने का प्रेरणादायी संदेश उस समय देखने को मिला, जब पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष उमेश शर्मा एवं सकल हिंदू समाज के सचिव मनीष डोंगरे के सुपुत्र वैदिक डोंगरे ने अपना जन्मदिन मां पार्वती धाम गौशाला में परिवार सहित गौमाता का पूजन-अर्चन एवं गौसेवा कर मनाया। अपने संबोधन में नरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जन्मदिन केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और पुण्य अर्जित करने का श्रेष्ठ अवसर भी है। यदि प्रत्येक परिवार अपने बच्चों का जन्मदिन गौशाला, मंदिर, वृद्धाश्रम अथवा अन्य सेवा कार्यों के माध्यम से मनाए, तो समाज में संस्कारों के साथ सेवा की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम में सकल हिंदू समाज के संरक्षक मोहन सिंह अजनोदिया, प्रेम नारायण शर्मा, हरिनारायण शर्मा, संयोजक मुकेश नामदेव, सचिव मनीष डोंगरे, मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, उपाध्यक्ष मांगीलाल सिसोदिया, सहसचिव प्रेम नारायण जायसवाल, कोषाध्यक्ष मोंटू कौरी, महेंद्र सिंह रावत, मां पार्वती धाम गौशाला समिति के सहसचिव अनिल धनगर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने वैदिक डोंगरे को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामनाएं कीं।

पर्यावरण संरक्षण की अनोखी पहलः सरपंच प्रतिनिधि ने से विशेष अपील

# लसूड़लिया विजय में श्मशान घाट पर हुआ पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



पर्यावरण को बचाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य संवारने के उद्देश्य से खाचरोद तहसील की ग्राम पंचायत लसूड़लिया विजय में एक अनुकरणीय पहल की गई है। पंचायत के पंचों और सरपंच प्रतिनिधि राजेश सोलंकी के नेतृत्व में श्मशान घाट परिसर में विशेष पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### एक पौधा, एक मिसाल

इस कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रतिनिधि राजेश सोलंकी ने ग्राम पंचायत के समस्त गणमान्य नागरिकों से एक भावुक और प्रेरणादायक अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाना ही वास्तव में प्रकृति की रक्षा करना है। उन्होंने प्रत्येक ग्रामीण से निवेदन किया कि वे अपने-अपने खेतों, बाड़ों और घरों के आसपास कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी नियमित देखभाल करें। राजेश सोलंकी ने कहा, हमें अपने जीवन में ऐसी मिसाल छोड़कर जानी चाहिए, जिसे आने वाली पीढ़ी याद रखे। यह लगाए गए पौधे ही हमारे उन महापुरुषों की निशानी बनेंगे, जिन्होंने आने वाले कल को सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया था।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस कार्य में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि राजेश सोलंकी के साथ मुकेश जायसवाल, महेंद्र सिंह ठाकुर, भादर सिंह ठाकुर, मांगीलाल सोलंकी, हुकुमचंद सेन, दशरथ सोलंकी सहित ग्राम पंचायत के अनेक गणमान्य नागरिक और ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने संकल्प लिया कि वे न केवल पौधे लगाएंगे, बल्कि उन्हें संरक्षित भी करेंगे ताकि वे छाया और हरियाली प्रदान कर सकें।

# उत्कृष्ट विद्यालय में आरकेएसके के तहत आयोजित हुआ विशेष कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1, सीहोर में किशोर-किशोरियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के किशोर परामर्शदाता ममतेश राठौर ने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, भावनात्मक संतुलन एवं समय पर काउंसलिंग के महत्व की जानकारी दी। साथ ही मनहित ऐप तथा टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 के माध्यम से उपलब्ध मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि उमंग क्लीनिक से लाभान्वित एक छात्रा ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि नियमित काउंसलिंग से उसका आत्मविश्वास बढ़ा और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ। इस प्रेरक अनुभव ने अन्य विद्यार्थियों को भी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में समय पर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य सुनीता जैन, उमंग हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर डॉ. देवेंद्र साहू, कुमेर मालवीय एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।